Discussion of Nobel laureate

अर्थशास्त्र की नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो० क्लाउडिया गोल्डिन पर अर्थशास्त्र विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रो० संदीप कुमार ने प्रो० क्लाउडिया द्वारा श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी से संबंधित किए गए कार्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को विभाग के प्रो० करुणाकर राम त्रिपाठी तथा प्रो० आलोक कुमार गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सुरेंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ० सत्यपाल सिंह, डॉ० राजू गुप्ता, डॉ० अमित शर्मा, डॉ० वंदना अहिरवार, डॉ० मनीष, वरुणेन्द्र पांडे, राकेश, नवीन तथा विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।